DAILY NEWS ACTIVIST
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

प्रांशु व हिमांशु ने जीता फाइनल

लखनऊ (डीएनएन)। उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विद्यालयों के लिए आयोजित आईटी क्विज प्रतियोगिता का फाइनल एलपीएस, सेक्टर-डी ने जीत लिया। स्कूल के प्रांशु अग्रवाल और हिमांशु ने सब को पछाड़ते हुए अपने स्कूल को विजयी बनाया। संत गाड्गे जी महाराज प्रेक्षागृह में प्रतियोगिता

- **यूपी व उत्तराखंड के विद्यालयों के लिए आयोजित हुई आईटी क्विज प्रतियोगिता**

का क्षेत्रीय फाइनल आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न शहरों की छह टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के अंश और समृद्ध को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में मर्सी मेमोरियल स्कूल, कानपुर के शुभम त्रिपाठी और शिवम शर्मा, एलपीएस, सेक्टर-आई के अभिषेक और शुभम, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, कानपुर के अरमान और अक्षय और मॉडर्न स्कूल, अलीगंज के अंकित और फराज ने भी जगह बनाई। खचाखच भरे संत गाड्गेजी प्रेक्षागृह में इन फाइनलिस्टों ने अपने आईटी ज्ञान से सभी को हैरान कर दिया। प्रांशु और हिमांशु की जोड़ी ने आखिरी सवाल आने के पहले ही अपनी जीत पक्की कर ली थी। सभी विजेताओं को प्रदेश के मुख्य सचिव अनूप मिश्रा, लविवि कुलपति प्रो. मनोज कुमार मिश्रा व टीसीएस लखनऊ के हेड जयंत कृष्णा ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता का राष्ट्रीय फाइनल दिसंबर 2011 में आयोजित किया जाएगा।